डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 189 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 22 अप्रैल 2024 | मूल्य 2 रुपया

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333







# बाईस साल में बूढ़ा हो गया नपा भवन

## कहीं प्लास्टर निकल रहा, कहीं जर्जर दीवारों में दरारें



**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका का जर्जर होता भवन दिया तले अंधेरे की कहावत चरितार्थ कर रहा है। दरारें व गिरता प्लास्टर हर किसी को दिख रहा है फिर भी इसकी मरम्मत नहीं हो पा रही है। शहर को विकास के सब्जबाग दिखाने वाली नपा को अपने ही भवन को मरम्मत की दरकार है। वर्ष 2002 में नपा का भवन बना था जो सिर्फ 22 सालों में ही जर्जर होने लगा है और अब मरम्मत का इंतजार कर रहा है। शहर पर बाद में पहले अपने ही जर्जर होते भवन को समय पर नपा सुधार ले, यह जरूरी हो रहा है। हर दिन अधिकारियों से लेकर तकनीकि अमला और पूरा स्टॉफ यहां पहुंचता है तो हजारों की संख्या में शहरवासी यहां अपने कामों के लिए आते हैं। फिर भी इस भवन की नपा के जवाबदार सुध नहीं ले रहे है।

### परिसर में बनी बाउंड्री की टूटने लगी दीवार...

नगर पालिका के भवन में दरारो से लेकर प्लास्टर गिरने तक ही भवन की स्थित नहीं बल्कि भवन के बाहर परिसर में जहां नपा के कर्मचारी अपना वाहन खड़ा करते है, वहां बाउंड्री की दीवार का एक हिस्सा टूटने लगा है। बाउंड्री से लेकर पूरा भवन ही मरम्मत मांग रहा है। जबकि, नपा के पास अपना तकनीकि अमला है फिर भी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नपा में हर दिन नामांतरण से लेकर अपने कर जमा कराने से लेकर अपने कामों के लिए हजारों लोग पहुंचते हैं तो शहर सरकार के तमाम जनप्रतिनिधि भी अपने वार्डो के काम लेकर पहुंचते हैं। आम से लेकर खास व अधिकारी से लेकर कर्मचारी शहर के गांधी चौराहा पर स्थित नगर पालिका पहुंचते है और हर किसी की निगाह इन पर पड़ती है फिर भी भवन के कायाकल्प व रंग-रोगंन से लेकर मरम्मत तक की कोई सुध नहीं ले रहा है।

### पिल्लर की दरारें व छत का गिरता प्लास्टर बयां कर रहा हकीकत...

नगर पालिका भवन बाहर से देखने पर ही कई जगह दरारें दिख रही है। छत का कई जगहों से प्लास्टर गिर चुका है। स्थित यह है कि छत में लगे सरिए तक दिखने लगे है। ऐसा एक नहीं कई जगहों पर हो रहा हैं तो जो पिल्लर लगे हैं, उनमें भी दरारें दिख रही है। मानों पिल्लर अब वजन नहीं सह पा रहे है। ऐसा एक नहीं बल्कि सभी दिख रहे पिल्लर में दरारें आ चुकी है। इसके साथ ही ग्राउंड, प्रथम व द्वितीय तीनों मालें पर बाहर की गैलरी में बड़ी दरारें दिख रही है। इस तरह पूरा भवन ही कायाकल्प व मरम्मत की बाट जो रहा है। समय पर भवन की मरम्मत करना, यहां हर दिन आने वाले हजारों लोगों की सुरक्षा के लिहाज से जरूरी हो गया है।





## मंदसौर और उज्जैन में ओबीसी मतदाताओं को साधेंगे सचिन पायलट

### ग्वालियर-चंबल में आ सकती हैं प्रियंका वाड्रा

**भोपाल, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मालवांचल में ओबीसी मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में करने के लिए कांग्रेस अपने बड़े नेता राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की सभाएं कराएगी। मंदसौर, उज्जैन और देवास लोकसभा क्षेत्र में 25 अप्रैल को तीन सभाएं प्रस्तावित की गई हैं। वहीं, पार्टी महासचिव प्रियंका वाड्रा का कार्यक्रम भी प्रस्तावित किया गया है। पार्टी उनकी सभाएं मालवा के साथ-साथ ग्वालियर-चंबल अंचल में कराने की तैयारी में है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता कुणाल चौधरी ने बताया कि राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के कार्यक्रम तय हो गए हैं। वे देवास लोकसभा के सोनकच्छ विधानसभा में सभा को संबोधित करेंगे। मंदसौर और उज्जैन में भी सभा और कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। पार्टी ने मंदसौर से दिलीप सिंह गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है जो नागदा-खाचरोद से विधानसभा चुनाव हार गए थे। उधर, उज्जैन से तराना विधायक महेश परमार चुनाव लड़ रहे हैं।

### प्रियंका और मल्लिकार्जुन के दौरे...

मुरैना में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कार्यक्रम 24 अप्रैल को प्रस्तावित था, लेकिन अब वे नहीं आ रहे हैं। प्रियंका वाड्रा का कार्यक्रम मांगा है, लेकिन अभी तक कोई अधिकृत जानकारी केंद्रीय कार्यालय से प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने जबलपुर से विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी, मगर लोकसभा चुनाव में अभी तक मध्य प्रदेश नहीं आई हैं।

उधर, राहुल गांधी भी अभी तक एक बार ही मध्य प्रदेश आए हैं। एक ही दिन में उन्होंने मंडला और शहडोल में सभा की थी। 21 अप्रैल को उनकी सतना में सभा प्रस्तावित थी, लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के कारण उनका कार्यक्रम रद्द हो गया।

## लूट का फरार आरोपी देशी कट्टे के साथ धराया

**पिपलियामंडी, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लूट के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने देशी कट्टा मय जिन्दा कारतूस के साथ पकड़ा। जानकारी के अनुसार लूनाहेड़ा, थाना पिपलियामंडी निवासी धीरज पिता नारायण सिंदम मोबाइल लूट के मामले में फरार था। जिससे नारायणगढ़ पुलिस ने बादरी फन्टे पर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा मय जिन्दा राउण्ड के बरामद हुआ। आरोपी के कब्जे से लूट में प्रयुक्त बिना नम्बर की स्कूटी भी बरामद की।

### लोकसभा चुनाव में अपराधियों पर जिलाबदर कार्यवाही न होना...

## प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह?

**राजू सोनी**

**नाहरगढ़, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** किसी बदमाश को जिला बदर करने के लिए उसके विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी जिला बदर कार्यवाही ठंडे बस्तो में क्यो दिखाई दे रही हैं? इन दिनो नाहरगढ क्षेत्र के हालात ठीक नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 13 मई होना हैं। जिसमें कुछ ही दिन शेष है। लेकिन, विधानसभा चुनाव की भांति इस बार जिला बदर एवं बांड ओवर करने की कार्यवाही कहीं दिखाई नहीं दे रही है।

ग्रामीण क्षेत्र में चर्चा है कि ज्यादा मुकदमे जिन बदमाशो पर दर्ज है, उन पर कार्यवाही नहीं हो रही है। जबकि, कमजोर लोगो पर कार्यवाही हो रही है। सभी बदमाशो को एक चश्मे से क्यो नही देखा जा रहा हैं? पिछले विधानसभा चुनाव की तर्ज पर इस लोकसभा चुनाव में नॉमिनेट गुंडों पर जिलाबदर कार्यवाही नही होना जिला मुख्यालय के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर जनता प्रश्न चिन्ह लगा रही है? आखिर लोकसभा चुनाव की तारीख इतने नजदीक आने पर भी कारवाही क्यो नही हो रही?

### राजनीति संरक्षण से बच रहे जिलाबदर बदमाश..?

बता दे की पिछले विधानसभा चुनाव में प्रशासन ने जिलाबदर कार्यवाही करके जनता में विश्वास की अलख जगाई थी। किंतु इस अलख को जनता के विश्वास पर लोकसभा में खरी उतरने में इतना समय लगना आमजन की समझ से परे है। आखिर ऐसा क्या कारण रहा जो नॉमिनेट बदमाशो को जिलाबदर कार्यवाही करने में प्रशासन इतना संकोच कर रहा है? तो क्या इन गुंडों को राजनीति संरक्षण प्राप्त है? क्या इसी के चलते कार्यवाही नही की जा रही?






**गर्मी से राहत** - गर्मी से राहत के लिए बच्चो ने लगाई स्विमिंग पुल में छलांग।

# हर्षोल्लास से मनाई महावीर जयंती

## जैन समाज ने निकाला चल समारोह





**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जैन समाज ने अपने 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती पर शहर सहित अंचल में अनेक स्थानो पर चल समारोह निकाला। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। मंदसौर में चल समारोह का जगह-जगह स्वागत हुआ। इसके बाद समाजिक कार्यक्रम हुए।

शहर में चल समारोह बीपीएल चोराहा से प्रारंभ होकर, गांधी चौराहा, बस स्टैंड, कालीदास मार्ग, सदर बाजार, मंडी गेट से होता हुआ पशुपतिनाथ मंदिर रोड स्थित जैन मंदिर पहुंचा। बग्गी में सवार भगवाना महावीर स्वामी की तस्वीर की जगह-जगह समाजजनों ने पूजा अर्चना की। आयोजन में समाज की महिलाओं ने जहां केसरिया साड़ी पहनी, वहीं पुरुष सफेद वस्त्र पहन कर चल समारोह में शामिल हुए। भगवान महावीर जयंती के इस आयोजन में समाजजन सहित शहर के सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीति दलों के नेता और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।चल समारोह के समापन के बाद समाजजनो ने अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए। चल समारोह में प्रदेश के डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, मंदसौर विधायक विपिन जैन, पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, लोकसभा के दोनो प्रत्याशी सुधीर गुप्ता और दिलीप गुर्जर भी शामिल हुए।

## सकल जैन समाज ने महावीर जयन्ती पर निकाला जुलूस

**पिपलियामंडी, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** महावीर जयन्ती पर नगर में सकल जैन समाज ने जुलूस निकाला। पुराना गाड़ी अड्डा स्थित जैन दिवाकर स्थानक भवन से बैंड-बाजों के साथ शुरु हुआ चल समारोह दिगम्बर व श्वेताम्बर मंदिर पहुंचा, मुख्य मार्ग होते हुए जुलूस पुन: पुराना गाड़ी अड्डा पहुंच धर्मसभा में परिवर्तित हुआ। यहां स्थानकवासी संघ अध्यक्ष मनोहरलाल जैन, विमलनाथ जैन संघ अध्यक्ष अशोक कुमठ, दिगम्बर जैन संघ के निर्मल गर्ग, जैन दिवाकर स्थानकवासी संघ के अजय कीमती आदि ने विचार रखे। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बड़ी संख्या में सकल जैन समाजजन उपस्थित रहे।

### नशे के सौदागरों पर पुलिस का कड़ा प्रहार...

## जावरा पुलिस ने तीन लाख से ज्यादा का अवैध मादक पदार्थ किया जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**जावरा, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जावरा शहर पुलिस को अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा पकड़ने में सफलता मिली है। आरोपी मादक पदार्थ प्लास्टिक के 06 बोरो मे भरकर ले जा रहे थे। जिनका कुल वजन 120 किलोग्राम कीमती 3 लाख 20 हजार रूपये है। आरोपियों से एक सफेद रंग की मारूति इको गाडी भी जब्त हुई है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर सूचना के आधार पर जावरा शहर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह जादौन के निर्देश पर उनि.रघुवीर जोशी ने टीम के साथ एनडीपीएस एक्ट के मामले में शनिवार को रतलामी नाका महू नीमच रोड जावरा से आरोपी विनोद पिता जगदीश दांगी जाति बलाई उम्र 30 साल निवासी ग्राम डिगांव माली थाना अफजलपुर जिला मंदसौर, मुजफ्फर पिता जाकिर मंसूरी उम्र 21 साल निवासी ग्राम डिगांव माली थाना अफजलपुर जिला मंदसौर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा की तस्करी करते हुए पकड़ा है

गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध जावरा पुलिस ने अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियो से अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा के स्त्रोत के संबंध मे पूछताछ कर रही है।

## मस्क का दौरा टलना, सिंगापुर में एवरेस्ट मसाला फैल होना, गुजरात में विवेकहीन जिला जजो को सेवानिवृत्ति देने का फैसला क्या कहता है...?

**मंदसौर/उज्जैन, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** टेस्ला कार और टिवटर के मालिक एलन मस्क का भारत के प्रधानमंत्री से मिलने आने का तय दौरा निरस्त किया जाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी स्तर का दूसरा मामला एवरेस्ट का फिश करी मसाला है, जिसे तिरस्कृत कर सिंगापुर सरकार ने अपने बाजार से इसे तत्काल वापस मंगाने के निर्देश भारतीय कंपनी को दिए हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की खबर है कि गुजरात उच्च न्यायालय ने उन जिला जजों के लिए आवश्यक सेवानिवृत्ति निर्णय की नजीर पेश की है जो अपने निर्णयो में निष्पक्षता का पालन नहीं कर पाते हैं। उन्हें इस निर्णय के अंतर्गत आवश्यक सेवानिवृत्ति का पालन करना होगा।

इलेट्रिक कार निर्माता और टिवटर के मालिक एलन मस्क दुनिया भर के औद्योगिक व्यवसाय के क्षेत्र का प्रतिष्ठित नाम है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग के शुरुआती लोगों में शुमार है। इसीलिए 22 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मस्क की होने वाली मुलाकात कई महीनो से दुनियाई बाजार में कोतुहल भरी चर्चा में स्थान पा रही थी। अचानक ही एलन मस्क ने इस मुलाकात को अपने मुख्यालय के आवश्यक कार्यों का हवाला देकर साल के अंत तक टाल दिया है। जबकि, कई जानकारों ने स्पष्ट किया कि 23 अप्रैल को अमेरिका में पत्रकारों से रूबरू होने वाले हैं।



चन्द्रमोहन भगत

बहरहाल भारतीय प्रधानमंत्री ने बीते दिनों कोलंबिया में एलन मस्क से हुई मुलाकात के बाद उन्हें टेस्ला कार भारत में असंबल करने के लिए नियमों तथा टैक्स में भारी रियायत देने की सरकारी मंजूरी देने का निर्णय भी ले लिया था। फिर इस तरह के दो देश की अति विशिष्ट हस्तियों की मुलाकात को तय होने तक पहुंचाने की प्रक्रिया को प्रोटोकॉल के तहत 3 से 4 माह का समय लग जाता है। यह भी तय हो जाता है कि ऐसी मुलाकात में कौन से अधिकारी, देश के अति विशिष्ट उद्योगपति तथा तकनीकी जानकार चर्चा में शामिल होंगे। इसी कारण दुनिया भर में एलन मस्क का भारत दौरा निरस्त होना चर्चा का विषय बन गया है।

दूसरी अंतरराष्ट्रीय चर्चा भी व्यापार जगत से जुड़ी हुई देश की प्रतिष्ठा से संबंधित है। सिंगापुर सरकार ने भारत निर्मित एवरेस्ट फिश करी मसाले को उसमें मिले तत्वों के कारण खाने के उपयोग में हानिकारक बताते हुए तत्काल बाजार से वापस भारत बुलाने के आदेश देकर व्यापार जगत को अचंभित कर डाला है। स्वाभाविक है कि अब इसी आधार पर विश्व भर के राष्ट्रों से उक्त भारतीय मसाला तिरस्कृत किया जाएगा। इससे एवरेस्ट मसाला उद्योग के साथ भारत की छवि को भी नुकसान पहुंचा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के जानकारों का कहना है कि इसका भरपूर फायदा प्रतिस्पर्धी राष्ट्र चीन उठा लेगा, जो बांग्लादेश में मदद कर वहां इस तरह के मसाले के उत्पादन की शुरुआत कर चुका है। विश्व बाजार में अपना उत्पाद स्थापित कराकर भारत को नुकसान पहुंचा सकता है! क्योंकि भारतीय मसाले में सुधार कर फिर से सैंपल पास होने की प्रक्रिया में साल भर लग जाएगा, तब तक दूसरी कंपनी अपना बाजार बना लेगी।

तीसरी चर्चित घटना भारतीय न्याय व्यवस्था की है, जिसमें गुजरात उच्च न्यायालय ने जिला जजों के विवेकहीन अथवा पक्षपाती निर्णय को चिन्हित कर ऐसे जजों के लिए आवश्यक स्व सेवा निवृत्ति दिए जाने का निर्णय देकर न्याय जगत को हिला डाला है। गुजरात के जानकार विशेषज्ञ गिरीश जोशी ने एक प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि इस धारणा को 2016 में जस्टिस माननीय सुनीता अग्रवाल और अनिरुद्ध माही ने आवश्यक मान पारित कर नजीर पेश की है। जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने भी सही ठहराया है। सर्वोच्च न्यायालय की सहमति का हवाला देते हुए गिरीश जोशी ने भविष्य में तथ्य परख गुणवत्ता आधारित निर्णय मिलने की संभावनाए बताई है। यह भी की अब कोई जिला जज सरकार या किसी अन्य को फायदा पहुंचाने जैसे निर्णय देकर पदोन्नति नहीं पा सकेंगे। जैसा बीते दशको के कई मामलों में हुआ है।

## नवविवाहिता ने जहर खाया, मौत

**नीमच, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सिटी थाना क्षेत्र के गांव रामपुरिया में एक नवविवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर मे जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। तत्काल परिजन उसे लेकर नीमच के बड़े अस्पताल पहुचें। वहां से एक निजी चिकित्सालय पहुंचे। जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

जानकारी अनुसार सिटी थाना क्षेत्र के गांव रामपुरिया निवासी नव विवाहिता रीता पति राहुल बंजारा उम्र 19 वर्ष ने शनिवार को घर मे अज्ञात कारणो के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसके बाद तबीयत बिगडने पर परिजन महिला को लेकर बड़े अस्पताल पहुंचे थे। यहां से उसे शहर के निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए रात्रि में ले जाया गया था। मगर वहां पर उपचार के दौरान नव विवाहिता ने दम तोड़ दिया। वहीं रविवार को मृतका के परिजनों, नायब तहसीलदार जागृति जाट और सिटी थाने में पदस्थ एसआई आजाद खान की मौजूदगी में शव का पंचनामा बनाकर पैनल के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध शराब के साथ पकड़ा

**पिपलियामंडी, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी को पकड़ा। नाहरगढ़ पुलिस ने 15 लीटर हाथ भट्टी कची शराब के साथ रुपनी निवासी खेमराज गायरी को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आबाकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

# धर्म के बिना राज, बिना ब्रेक के वाहन की तरह होता है-आचार्य रामानुज

## श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय प्रवचन माला का शुभारंभ

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** राजधर्म एक सर्वव्यापक विषय है।प्रत्येक क्षेत्र का अपना राजधर्म होता है। वस्तुत: जो धर्म पूरे समाज को आंदोलन करें वही राजधर्म है। जिस राज में धर्म नहीं हो वह बिना ब्रेक के वाहन की तरह होता है। यह विचार प्रसिद्ध कथाकार आचार्य रामानुज ने श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 'राजधर्म' विषय पर तीन दिवसीय प्रवचन माला के प्रथम दिवस व्यक्त किए। आपने कहा कि केवल राजव्यवस्था ही नहीं जीवन का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं जिसका अपना राज धर्म नहीं होता हो। शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा, पत्रकारिता व्यापार इन क्षेत्रों की जो आदर्श व्यवस्थाएं है, वही उनका राजधर्म है।



आचार्य श्री ने कहा कि राज धर्म के साथ संवेदनाएं जुडी होती है जिसमें सर्वहित की भावना ही निहित होती है। राजनीति की यदि हम बात करें तो इसमें नीति शब्द ही धर्म का प्रतिनिधित्व करता है। राज व्यवस्था पर धर्म की लगाम होना आवश्यक है इसीलिए राज धर्म की अवधारणा को सृष्टि के आरंभ काल से ही माना जाता है। राजव्यवस्था में ग्राम प्रधान से लेकर राज्य व देश का प्रधान सभी का अपना राजधर्म होता है। राजव्यवस्था केवल एक व्यक्ति या एक व्यवस्था से नहीं चलती इसमें कई लोगों के सहयोग की आहुति लगती है। राजधर्म एक सर्व व्यापक विषय है। व्यवस्थाओं में जो नीति निर्धारक तत्व होते हैं उन्हीं से राजधर्म चलता है। महाभारत में पितामह भीष्म ने राजधर्म का जो उपदेश दिया वह समूची सामाजिक व्यवस्थाओं के लिए है। आपने कहा कि अनेक बार ऐसी परिस्थितियां सामने आती है जब राजा कोई कार्य नहीं कर सकता वह कार्य विद्वान या साधु करता है। धर्म का अंकुश केवल राज व्यवस्था को ही नहीं पूरे जीवन को बदल देता है। आचार्य ने से कहा कि राजव्यवस्था को जो संभालता है वही राजा नहीं होता एक संतान के लिए उसका पिता किसी चक्रवर्ती सम्राट से कम नहीं होता। धर्म से जो व्यवस्थाएं चलती है वह श्लोक से लोक तक ले जाती है। मंदिर के शिखर पर जो ध्वजा होती है वह धर्म ध्वजा कहलाती है। यह धर्म ध्वजा कभी भी राजा को भटकने नहीं देती। राजा की गतिशीलता की लगाम यदि धर्म के हाथ में होगी तभी सर्व कल्याण होगा। तीन दिवसीय प्रवचन माला के प्रथम दिन का शुभारंभ आचार्य श्री रामानुज ने श्री तलाई वाले बालाजी की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर आचार्य पं. देवेंद्र शर्मा शास्त्री एवं पं.दशरथ भाई शर्मा की उपस्थित थे। आचार्य रामानुज का स्वागत श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी और दिलीप कुमार जोशी ने किया संचालन ब्रजेश जोशी ने किया। त्रिदिवसीय प्रवचन माला का समापन 23 अप्रैल को होगा प्रवचन का समय रात्रि ठीक 8 बजे से 9:15 बजे का है। बालाजी मंदिर के सत्संग सभागार में यह प्रवचन माला चल रही है। प्रवचन माला के प्रथम दिन नगर के सुबुद्ध श्रोता व धर्मालु जन बडी संख्या में उपस्थित थे।



# मतदान का कार्य संपन्न करने के लिए प्रशिक्षण जरूरी

## मतदान दलों का प्रशिक्षण कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में संपन्न

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस** लोकसभा निर्वाचन- 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करने के लिए जिला प्रशासन सभी आवश्यक तैयारियों जुटी हुई हैं। इस हेतु मतदान दलों में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों पीठासीन एवं अन्य सहायक मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के शासकीय महाविद्यालय कॉलेज एवं कुशाभाउ ठाकरे आडिटोरियम में दो पालियों में प्रशिक्षण जिले के मास्टर ट्रेनर के द्वारा दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान दल कर्मियों को बताया गया कि प्रशिक्षण को गंभीरता से लें एवं प्रशिक्षण को समझे, जिससे की मतदान दिवस पर मतदान का कार्य कुशलतापूर्वक सम्पा दित हो सके। मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए मतदान दलों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों के आवश्यक सभी एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी होना बेहद जरूरी है। प्रशिक्षण में बताया गया कि सभी महत्वपूर्ण जानकारी को नोट करें। मास्टर ट्रेनर द्वारा मॉक पोल एवं वास्तविक मतदान के समय की जाने वाली प्रक्रिया, मतदान दलों को मतदान सामग्री प्राप्त करने, मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, मतदाता की पहचान का सत्यापन, अमिट स्याही लगाने एवं मतदान की गोपनीयता की जानकारी इत्यादि महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों की प्रविष्टि, संबंधित लिफाफों, मतों की गिनती, मतदान समाप्ति के पश्चात ईव्हीएम एवं मतदाता रजिस्टर के मतों का मिलान, ईव्हीएम सीलिंग के बारे में विस्ता र से अवगत कराया गया। उन्होंने मतदान दल कर्मियों को निर्देशिका पुस्तिका तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का भलीभांति सूक्ष्मता से अध्ययन कराया।

प्रशिक्षण में कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व व्हीव्हीपेट मशीन का हैंड आन प्रशिक्षण दिया गया एवं उनसे संबंधित प्रपत्रों की पूर्ति, मतपत्र लेखा तैयार करने, मतदान उपरांत निर्वाचन सामग्री जमा करने की प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। मास्टर टेनर्स द्वारा मॉकपोल ईवीएम, वीवीपेट के संचालन एवं रख रखाव के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी मतदान दल कर्मियों ने लोकसभा निर्वाचन हेतु अपने मतदान के लिए अनिवार्य रूप से फार्म 12 (क) भरा एवं उसके साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए, जिससे की वे अपना मतदान डाक मतपत्र के माध्यम से कर सके।



### खाकरा वाला बालाजी मंदिर पर हनुमान प्रकटोत्सव कल मनाया जाएगा

**सुवासरा, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर से 8 किलोमीटर दूर अति प्राचीन महान चमत्कारी वीर चेतन्य खाकरा वाले बालाजी मंदिर, घसोई (लखवा) मंदिर परिसर में राम भक्त हनुमान जी का प्रकटोत्सव 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को बड़े धूम धाम से मनाया जायेगा इस अवसर पर विशाल भंडारा एवं मेला और सामूहिक विवाह का आयोजन होगा 22 अप्रैल सोमवार को प्रात: 9 बजे रामायण की स्थापना रात्रि 8 बजे भजन संध्या 23 अप्रैल मंगलवार को प्रात: 11 ;30 बजे अन्तराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के भेक भंडारी परम पूज्य संत श्री सम्भुराम जी महाराज के आशीष वचन होंगे दोपहर 12:30 बजे महाआरती के साथ पूर्णाहुति होगी इस अवसर पर 34 वा भंडारा महा प्रसादी के साथ संपन्न होगा अत: समस्त धर्म प्रेमी माता और बहनों से खाकरा वाला वीर चेतन्य हनुमान मंदिर समिति ने निवेदन किया है कि खाकरा वाला बालाजी के प्रकटोत्सव में सपरिवार पधार कर धर्म लाभ ले, समिति द्वारा भक्त जनो से निवेदन किया हे की अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेवे।

# एनजीटी के निर्णय से तेलिया तालाब की स्थिति पूरी तरह साफ

## कथित अतिक्रमण एवं डूब क्षेत्र को लेकर ब्लैक मेलिंग करने वालों के मुंह पर करारा जवाब है निर्णय, पूर्व विधायक सिसोदिया ने दिया वक्तव्य

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कहावत है सत्य परेशान हो सकता है पराजित नही। मंदसौर के तेलिया तालाब को लेकर न्यायालय के निर्णय से सब कुछ साफ हो गया है। तेलिया तालाब परिक्षेत्र में किसानों की भूमि है, लेकिन कभी किसी किसान ने शिकायत नही की मेरी भूमि कम हो गई, सरकारी भूमि है लेकिन उसमें से भी कुछ कम नहीं हुई, तालाब का पूरा परिक्षेत्र यथावत है लेकिन फिर भी पिछ्ले करीब 6 से 7 बरस से मंदसौर के तेलिया तालाब परिक्षेत्र में कथित अतिक्रमण एवं डूब क्षेत्र को लेकर कुछ स्वार्थी तत्वों एवं ब्लैक मेलिंग करने की नियत रखने वालों ने एक ऐसा माहौल खड़ा कर दिया था कि झूठ और असत्य बात भी लोगों को गले उतरने लगी थी। लेकिन अब न्यायालय के निर्णय से सब कुछ साफ हो गया है, सत्य सबके सामने है।

यह बात प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया ने तेलिया तालाब को लेकर आये एनजीटी न्यायालय के निर्णय के बाद प्रेस वक्तव्य में कही। आपने कहा कि स्थानीय न्यायालय से लेकर के हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तथा एनजीटी न्यायालय तक कुछ लोगों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते इस विषय को खूब उछालने की कोशिश करी ,मेरे मकान को भी अतिक्रमण एवं नाले के समीप बने होने का हवाला देकर मुझे टारगेट करते हुए चुनावों के ठीक पहले व्यक्तिगत रूप से मुझे बदनाम करने की कोशिश की जाती रही है। लेकिन मैंने आज तक इस मामले में कभी कुछ नहीं बोला क्योंकि मैंने कोई मैने कोई अतिक्रमण नही किया था आज न्यायालय के निर्णय ने सब कुछ साफ कर दिया है। श्री सिसोदिया ने कहा कि एनजीटी के निर्णय से केशव कुंज, यश नगर, मेघदूत नगर का कुछ हिस्सा तथा तेलिया तालाब के आसपास के रह वासियों को राहत मिली है। मैने 2017 में यश नगर में मकान बनाया, 2018 में दूसरी बार विधानसभा का उम्मीदवार था तथा 2023 में चोथी बार विधानसभा का चुनाव लड़ा, 2018 और 2023 के चुनाव में उन स्वार्थी तत्वों को मेरे खिलाफ राजनीति करने का अवसर मिला और उन्हें कुछ लोगों ने सहयोग भी दिया, ऐसे में सब ने मिलकर के व्यक्तिगत रूप से मुझे बदनाम करने की भरपूर कोशिश करी, 'सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं' यह कहावत आज चरितार्थ भी हुई है। श्री सिसोदिया ने कहा कि यश नगर बहुत पुरानी और अप्रूव्ड कॉलोनी थी, जिसमे 2017 में मैने भुखंड खरीदा , इससे पहले कभी भी तेलिया तालाब की भूमि एवं अतिक्रमण को लेकर के किसी तरह का माहौल नहीं बनाया, लेकिन मेरे मकान के बनाने के बाद कतिपय स्वार्थी लोगों ने मुझे राजनीति में रहने के कारण तथा विधायक के पद पर रहते हुए बदनाम करने की कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी, 'ऐसे स्वार्थी तत्वों के कारण जिनके निहित स्वार्थ थे यश नगर, केशव कुंज सहित आसपास के रह वासियों को अपने भूखंड पर भवन बनाने में, नामांतरण करवाने में, और भवन अनुमति लेने में बहुत मानसिक प्रताड़ना झेलने पड़ी, वे सभी रहवासी अपने भूखंड पर मकान नहीं बन पा रहे थे आज उन्हें भी राहत मिली है'।



आपने कहा कि मैं पूरे सात वर्ष तक खामोश रहा क्योंकि मैं जानता था कि मैने कोई अतिक्रमण नहीं किया है, मैंने कॉलोनाइजर से अप्रूव्ड कॉलोनी में अपना भूखंड खरीदा है, नगर पालिका से अनुमति ली है, नामांतरण करवाया और मकान बनाया है। मुझे यह भी स्मरण है कि 2018 में कमलनाथ जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार में स्थानीय कांग्रेस के नेताओं ने जिला प्रशासन पर मेरे मकान को लेकर अतिक्रमण के नाम से बहुत प्रेशर बनाने की भी कोशिश की थी, विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों से प्रश्न भी लगवाए थे। मैंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, मैं खामोश रहा, मैंने कोई प्रतिकार नहीं किया। लेकिन आज मुझे इसलिए बोलना पड़ा की सभी न्यायालयों से निर्णय तेलिया तालाब के भूमि का क्षेत्रफल, डूब क्षेत्रफल एवं जल भरन क्षमता की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर एनजीटी ने अपना फैसला सुना दिया है। कॉलोनाइजरों से ब्लैकमेलिंग करने वाले, भूखंड मांगने वाले, स्वार्थी तत्वों ने जो गलत माहौल खड़ा किया था आज उन्हें एनजीटी से जवाब मिल गया है। तेलिया तालाब की पूरी हकीकत आज जनता के सामने है। मैने सदैव शुचितापूर्ण राजनीति की है, मंदसौर के विकास की चिंता की है। महानगरों की तर्ज पर यहां विकास के काम करवाए है। तमाम बड़ी योजनाएं मेरे नपाध्यक्ष और बाद के विधायकी कार्यकाल में मन्दसौर में स्वीकृत हुई है। मेरे मन -मस्तिष्क में सदैव मन्दसौर का विकास सर्वोपरि रहा है।




### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

### बुजुर्ग मतदाताओं का किया जा रहा सम्मान

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुजुर्ग मतदाताओं का घर-घर जाकर सम्मोन किया जा रहा है एवं उन्हेम मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्हेंम मतदान के महत्वर के बारे में जानकारी दी जा रही है। उनको बताया जा रहा है कि वह बिना लाईन में लगे मतदान कर सकते है उन्हेर लाईन में लगने की आवश्य कता नहीं है। मतदान के माध्यम से जितनी अधिक मतदाता की भागीदारी होगी उतना ही लोकतंत्र मजबूत बनेगा तथा उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन हो सकेगा। मतदाता जागरूकता गतिविधियों अन्तार्गत जिले के ग्रामो में मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। सभी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा कि 'हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह संकल्प लेते है कि अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांति पूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भिक होकर धर्म व जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें।

### सी-विजिल एप्प से आम नागरिक भी कर सकते हैं आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 में जागरूक नागरिकों के लिए आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायतों के लिए C-Vigil मोबाइल एंड्रायड एप्प का निर्माण किया गया है। जिसके तहत जागरूक नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की सीधी रिपोर्ट मोबाइल के माध्यम से भेज सकता है। जिसके आधार पर कार्यवाही हेतु बनाई गई उड़नदस्ता टीमों के द्वारा उसका समय सीमा में रिपोर्टिंग किया जाकर संबंधित क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी द्वारा साक्ष्य आधारित समय सीमा में शिकायत पर निर्णय लेने में यह एकीकृत आईटी एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा। इसमें शिकायत रजिस्टर्ड होने पर एक शिकायत की यूनिक आईडी नागरिक/शिकायतकर्ता हेतु जनरेट होगी, जिसके माध्यम से वह अपनी शिकायत की स्थिति का भी पता कर सकेगा। इस एप्प के माध्यम से सिर्फ आदर्श आचरण संहिता से संबंधित शिकायत ही दर्ज की जा सकेंगी। जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा वीडियो/फोटो के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जाएगी। सुविधा, सुगम एवं समाधान एप्प के तहत विभिन्न प्रकार के आवेदन जो अभ्यर्थी या राजनैतिक दल द्वारा दिए जाएंगे उनका निराकरण समय सीमा में किया जाएगा।




# मतदान की अपील करते हुए दिलवाई शपथ

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के मन्दसौर दौरे के दौरान केसरिया जागृति मंच द्वारा आमजनों से सर्वश्रेष्ठ मतदान करने की अपील करते हुए मतदान की शपथ दिलवाई।

भाजपा प्रत्याशी सुधीर जी गुप्ता की नामांकन रैली में सम्मिलित होने आए मुख्यमंत्री मोहन यादव के स्वागत मे एकत्रित सभी मातृशक्ति कौ केसरिया जागृति मचं की जिला प्रभारी सुधा फरक्या द्वारा मतदान के लिए जागरूक किया उन्होने बताया मतदान हमारा सबसे बडा राष्ट्र धर्म है अपने मत का प्रयोग करे। यह आपका अधिकार भी है ओर कर्तव्य भी है। जिला अध्यक्ष श्रीमती सुधा फरक्या ने कहा कि नव मतदाता 18 वर्ष से अधिक आयु के वर्ग को बढ़-चढ़कर मतदान में सहभागिता करनी चाहिए और सारे काम छोड़कर सर्वप्रथम मतदान को प्राथमिकता दें आप स्वयं तो वोट डालने जाएं और अपने परिवार सहित आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें।उक्त कार्यक्रम में प्रेमलता आचार्य,रमिला बेन,नीलम कोड़ा, आशा नागदा, रेखा राठौड़, उषा गुप्ता,माधुरी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

### सुंदरकांड का पाठ आज, महाआरती कल

**मंदसौर।** उद्योगपति बालाजी मंदिर पर सोमवार को सुन्दर काण्ड पाठ आज 22 अप्रैल को रात्री 8 बजे से होगा एवं 23 अप्रेल मंगलवार को सुबह 7 बजे मंत्र, पुजा, पाठ व हवन होगा। प्रातः 11 बजे महाआरती होगी तत्पश्चात महाप्रसादी भण्डारा होगा। यह जानकारी पुजारी अन्नत नारायण पाण्डे ने दी। आयोजन समिति के जितेन्द्र सिंह चौहान, सोनु सांखला, मनोज पानवाले, राजेश सेठिया, दीपक मालवीय, योगेश साल्वी, पिन्टू लखारा ने धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या आकर धर्मलाभ लेने की अपील की।


**✻ उठावना ✻**

स्व. श्री हीरालालजी बम्बोड़ी के सुपुत्र, नरेन्द्र के पूज्य पिताजी, आदित्य के दादाजी श्री पारसमलजी बम्बोड़ी का स्वर्गवास हो गया है। जिनका उठावना आज दिनांक 22 अप्रैल 2024, सोमवार को सायं 4.30 बजे गोपाल धर्मशाला, स्टेशन रोड, पिपलियामंडी पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**नरेन्द्र बम्बोड़ी**

**✻ संयुक्त उठावना ✻**

स्व.श्री रामेश्वरजी झंवर की पुत्र वधु , संदीप मोहित की पूज्य माताजी , मुकेश दीपक की भाभी जी, प्रतीक अक्षत, केशव की बड़ी माताजी व एकांश की दादी, व दिलीप, दिनेश (कालू),मिथुन सारडा की बड़ी बहन एव दिनेश झंवर की धर्मपत्नी श्रीमती दीपिका जी झंवर का वेकुंठवास 20/04/2024 को हो गया है। जिनका संयुक्त उठावना 22/04/2024 सोमवार को दोपहर 2:30 बजे बंबई वालो की धर्मशाला सब्जी मंडी के पास रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**कन्हेयालाल, जगदीश, भरत कुमार, गोपाल, केलाशचंद्र झंवर एवं समस्त झंवर परिवार मनासा सारडा परिवार इंदौर**






# कांग्रेस प्रत्याशी गुर्जर ने मंदसौर में विभिन्न गतिविधियों में की सहभागिता



**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक श्री दिलीपसिंह गुर्जर ने रविवार को विभिन्न गतिविधियो में भागीदारी की। सुबह कांग्रेस प्रत्याशी श्री गुर्जर ने राजीव गांधी खेल मैदान कॉलेज परिसर में खिलाडियो एवं खेल प्रेमियो से मुलाकात कर उनसे विभिन्न विषयो पर चर्चा कर उन्हें खेलो के विकास के लिये अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री प्रीतिपालसिंह राणा, उपाध्यक्ष श्री अजय लोढा, महामंत्री श्री निर्विकार रातडिया, जिला कांग्रेस कार्यालय मंत्री श्री सुनिल बसेर, श्री राजनारायण लाड उनके साथ थे।

इसके उपरांत श्री गुर्जर ने महावीर जयंति के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा निकाले गये चल समारोह में भागीदारी की। गांधी चौराहे पर विभिन्न संगठनो एवं शहर कांग्रेस द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भागीदारी कर जैन धर्मावलंबियो को अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर शुभकामनाये प्रेषित की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटील, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश रातडिया, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर उनके साथ थे। दोपहर को कांग्रेस प्रत्याशी श्री दिलीपसिंह गुर्जर ने 22 वे इज्मिाई शादी सम्मेलन में भागीदारी करने सोनगरी पहुंचे। सामूहिक विवाह सम्मेलन में निकाल कबूल करने वाले 43 जोडो के वर वधुओ को उन्होने आर्शिवाद देते हुये आर्शिवाद दिया। इस दौरान बडी संख्या में उपस्थित मेव समाज के नागरिको से भी उन्होनें मुलाकात की। इस दौरान मेव समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री असगर भाई मेव, लोकसभा मिडीया प्रभारी श्री सुरेश भाटी सहित कई मेव समाज के पदाधिकारीगण मौजुद थे।

# धर्मधाम गीता भवन में हनुमान जयंती पर 'हनुमंत सहस्त्रनाम यज्ञ' सुंदरकांड एवं महाआरती

**मंदसौर, 21 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** धर्मधाम गीता भवन में 'हनुमंत प्रकटोत्सव' पर्व 23 अप्रैल को श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। श्री गीतेश्वर बालाजी मंदिर पर प्रात: 6:00 बजे जन्म आरती, प्रात: 10:00 बजे से श्री हनुमंत सहस्त्रनाम यज्ञ तथा 12:00 महाआरती होगी। तत्पश्चात दोपहर 3:00 बजे माता बहनों द्वारा सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ होगा तथा रात्रि 8:00 बजे श्रद्धालुजनों द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ जिसमें प्रमुख रूप से सर्व श्री रामहित प्रजापति, बीएम भाटी ,पं. अभिषेक शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा , रामसेवक शर्मा तथा अन्य श्रद्धालु भाग लेंगे।

श्री हनुमंत प्रकटोत्सव पर्व धर्मधाम गीता भवन के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी श्री रामनिवास जी महाराज के मार्गदर्शन सानिध्य एवं विशेष उपस्थिति में होगा।गीता भवन महिला सत्संग मंडल की संरक्षिका एवं जोतिष्यज्ञा दीदी लाडकुंवर के मार्गदर्शन में तथा श्रीमती विद्या उपाध्याय के नेतृत्व में माता बहने दिन में 3बजे से सुंदरकांड पाठ एवं भजन संकीर्तन करेगी।। गीता भवन महिला सत्संग मंडल की अध्यक्ष पुष्पा पाटीदार, श्रीमती अंजू तिवारी, पूजा बैरागी, रानू विजयवर्गीय, सोहन कुंवर,रानू तोमर ,अयोध्या बैरागी, शांतिबाई सोलंकी, उमा कारोंजिया आदि ने श्रद्धालु माता बहनों से हनुमंत जयंती के सभी आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए गीता भवन ट्रस्ट के सचिव पं. अशोक त्रिपाठी ने बताया कि हनुमत सहस्त्रनाम यज्ञ नगर के युवा पं. हेमंत भट्ट संपन्न करवाएंगे। धर्मधाम गीता भवन ट्रष्टिसर्व श्री जगदीश चौधरी, सेठ रामेश्वर लाल काबरा, धीरेंद्र त्रिवेदी एडवोकेट, विनोद चौबे ,बंसीलाल टांक,सत्यनारायण पलोड़,अशोक त्रिपाठी,शेष नारायन माली आदि ने आयोजन में भाग लेने की है।





स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in